








# विद्यार्थियों को सिखाएं यातायात एवं रोड सेफ्टी नियम








**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 17 मई।** सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत श्योपुर शहर के कैरियर प्वाइंट कोचिंग संस्थान में पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर पीएम राहत कैशलेस योजना, राहवीर योजना, हिट एंड रन प्रतिकर योजना, तथा सड़क सुरक्षा, सेफ ड्राइविंग व यातायात नियमों के बारे में लगभग 150 बच्चों को जानकारी देकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

थाना प्रभारी यातायात संजय सिंह राजपूत द्वारा उक्त कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को यातायात के विभिन्न नियमों, दुर्घटना संबंधी आंकड़ों के साथ सड़क दुर्घटना के कारण और बचाव तथा रोड साइन, रोड मार्किंग, ट्रैफिक सिग्नल, पैदल चलते समय रखने वाली सावधानियां, हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के महत्व व दुर्घटनाओं के दुष्प्रभाव आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

साथ ही दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग आवश्यक रूप से करने समझाइश दी। तथा बच्चों को 18 वर्ष के उपरांत वैध लाइसेंस लेने के पश्चात ही वाहन चलाने एवं लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया के संबंध में बताया गया। तथा उपस्थित सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पैंपलेट्स भी वितरित किए गए।

**राहवीर योजना:** उक्त अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में बताया गया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अप्रैल 2025 से सड़क दुर्घटना के दौरान गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ओवर में हॉस्पिटल अथवा ट्रॉमा सेंटर पहुंचा कर जान बचाने वाले व्यक्ति को ?25000 का पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत करने हेतु राहवीर योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मोटरयान सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ओवर में अर्थात दुर्घटना होने की 1 घंटे के भीतर घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए हॉस्पिटल ले जाने हेतु आम जनता को प्रोत्साहन एवं प्रेरणा देना है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्युदर में कमी लाई जा सके।

**पीएम राहत कैशलेस योजना:** यह शासन द्वारा आमजन के हित में संचालित अत्यंत लाभकारी योजना है, इसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल किसी भी व्यक्ति का चिन्हित निजी अस्पतालो में डेढ़ लाख(1.5लाख)तक का इलाज निशुल्क रूप से किया जाता है। किसी भी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना उपरांत निजी अस्पताल में जाकर बताना होता है कि उसका सड़क दुर्घटना में एक्सीडेंट हुआ है और उसे योजना के अंतर्गत इलाज करवाना है,इसके पश्चात अस्पताल द्वारा अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ की जाती है। इसमें अस्पताल द्वारा ज्डै पोर्टल के माध्यम से पुलिस के पोर्टल पर तत्काल एक्सीडेंट वेरीफाई की सूचना ऑनलाइन तरीके से भेजी जाती है। इसके बाद पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरांत घटना की सत्यता प्रतीत होने पर एक्सीडेंट आईडी पोर्टल पर जनरेट कर अप्रूवल संबंधित अस्पताल को सेंड किया जाता है। इसके पश्चात घायल व्यक्ति का अस्पताल के द्वारा निशुल्क इलाज किया जाता है जिसका खर्च शासन द्वारा संबंधित अस्पताल को प्रदाय किया जाता है।

थाना प्रभारी यातायात द्वारा यातायात नियम एवं रोड सेफ्टी के संबंध में जानकारी दिए जाने के साथ ही बच्चों से संवाद कर कैरियर मार्गदर्शन किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा उसके दबाव को सहन करने के संबंध में बच्चों का मार्गदर्शन किया।

### हिट एंड रन प्रतिकर योजना

इसके अंतर्गत अज्ञात वाहन से घटित होने वाली सड़क दुर्घटना में 30 दिन के अंदर यदि अज्ञात वाहन का पता नहीं चलता है तो दुर्घटना में मृत् व्यक्ति के परिजनों को 200000 तथा गंभीर घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की जाती है। इसके अंतर्गत यदि 30 दिवस में अज्ञात वाहन का पता नहीं चलता तो संबंधित थाने द्वारा घायल एवं मृत् व्यक्ति के परिजनों को योजना के संबंध में लिखित में सूचना दी जाती है जिसके बाद परिजनों द्वारा संबंधित जिला एसडीएम कार्यालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होता है तत्पश्चात परीक्षण उपरांत आर्थिक सहायता की राशि मंजूर कर उनके खाते में भेज दी जाती है।

# कल तिल्लीपुर एवं जैदा में लगेंगे विद्युत समस्या निवारण शिविर

## 20 एवं 23 को 12 स्थानों पर होगा शिविरों का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 17 मई।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं से संपर्क में रहने के उद्देश्य से लागू की गई संपर्क अभियान योजना के तहत विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु विधुत वितरण केन्द्र अंतर्गत आने वाले ग्रामों में कलस्टर बनाकर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

महाप्रबंधक लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने बताया कि शिविर के माध्यम से बिल सुधार, मीटर से संबंधित तथा सर्विस केबल से संबंधित, कनेक्शन, भुगतान सहित तकनीकी सेवाओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

इसी क्रम में 19 एवं 20 मई को वितरण केन्द्र सोईकलां अंतर्गत तिल्लीपुर तथा वितरण केन्द्र श्योपुर ग्रामीण अंतर्गत जैदा में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

इसी प्रकार 20 मई को विद्युत वितरण केन्द्र भोगिका तिराहा अंतर्गत सोठवा, ढोढर केन्द्र अंतर्गत ग्राम हीरापुर में, वितरण केन्द्र ढोटी अंतर्गत ग्राम मावदा में, वितरण केन्द्र विजयपुर-2 अंतर्गत ग्राम गोहटा में, वितरण केन्द्र रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम बलावनी में, वितरण केन्द्र वीरपुर अंतर्गत ग्राम श्यारदा में, वितरण केन्द्र विजयपुर-1 अंतर्गत ग्राम हुल्लपुर में, वितरण केन्द्र कराहल अंतर्गत ग्राम बरगवा में तथा 23 मई को वितरण केन्द्र गसवानी अंतर्गत बिनेगा में, वितरण केन्द्र बडौदा अंतर्गत ग्राम ललितपुरा में, वितरण केन्द्र पाण्डोला अंतर्गत ग्राम राडेप में तथा वितरण केन्द्र श्योपुर शहर अंतर्गत वार्ड नंबर 08 में शिविर लगाए जाएंगे।

## सोनेश्वर घाट पर स्वच्छता श्रमदान आज से

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 17 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जिले में संचालित जल गंगा सवंर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं, प्राकृतिक जल स्त्रोतों, नदी घाटों, कुए-बावडियों इत्यादि की साफ-सफाई, मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में सीप नदी के किले स्थित सोनेश्वर घाट पर 18 एवं 19 मई को प्रात: 08 बजे से स्वच्छता हेतु श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। नगरपालिका के नोडल अधिकारी आदित्य चौहान ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सीप नदी के विभिन्न घाटों की साफ-सफाई का कार्य पिछले समय से किया जा रहा है, जिसके तहत पंडित घाट, जती घाट, बंजारा डैम, गुप्तेश्वर घाट आदि पर साफ-सफाई का कार्य किया गया है। इसी क्रम में किले में स्थित सोनेश्वर घाट पर स्वच्छता श्रमदान आयोजित कर घाट की साफ-सफाई का कार्य किया जायेगा।

## पंचायतों की जानकारी के लिए पंचायत दर्पण एप सक्रिय

**श्योपुर, 17 मई।** ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायत दर्पण एमपी मोबाइल ऐप को सक्रिय कर दिया गया है, यह उपयोग के लिए डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध है, इसके अपडेटेट वर्जन को गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड कर स्टॉल किया जा सकता है। इस एप के माध्यम से पंचायतों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत हुआ जा सकता है। वहीं इस एप का उपयोग कर हम पंचायत अंतर्गत विभिन्न करों का भुगतान आसानी से कर सकते हैं। इसके माध्यम से जलकर, हाट बाजार कर आदि पंचायतों द्वारा विभिन्न सुविधाओं के लिए किये जाने वाले कर ऑनलाइन स्मार्ट मोड में भुगतान किये जा सकते हैं। नागरिकों के लिए भुगतान प्रक्रिया अत्यंत सरल एवं उपयोगकर्ता अनुकूल है।

## बड़ौदा में युवा संगम रोजगार मेला 22 को

**श्योपुर, 17 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सूक्ष्म लद्यु एवं मध्यम विभाग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के तत्वावधान में शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन नगर परिषद बडौदा में 22 मई को प्रात: 11 बजे से किया जायेगा। एमएसएमई, रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार अप्रेटेशिप में विभिन्न कंपनियों द्वारा सेल्समैन, ऑफिस वर्कर, एग्रीकल्चर सेक्टर, बीमा मार्केटिंग क्षेत्र, ऑटो मोबाइल सेक्टर, एलआईसी अभिकर्ता, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर, कम्प्युटर ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता 5वी से स्नातकोत्तर तक हो वे इस युवा संगम रोजगार मेले में उपस्थित होकर अपनी योग्यतानुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है।

## प्रत्येक स्नातक पाठ्यक्रम में शहीदों की विधवाओं एवं संतानों के लिए अब एक सीट रहेगी आरक्षित

श्योपुर, 17 मई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा के परिपालन में उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में पुलिस, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) में शहीद होने वाले कर्मियों की विधवाओं तथा उनके आश्रित बच्चों के लिए एक अतिरिक्त सीट आरक्षित की है। आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा इस संबंध में सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। विभागीय निर्देशानुसार प्रत्येक स्नातक पाठ्यक्रम में स्वीकृत सीटों के अतिरिक्त एक सुपरन्यूमेरेरी (अतिरिक्त) सीट निर्धारित की गई है, इससे नियमित सीटों की संख्या प्रभावित नहीं होगी। इस आरक्षण का लाभ केवल पात्र अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी(गृह विभाग अथवा संबंधित विभाग) द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर मिलेगा। पात्र अभ्यर्थियों को ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर पृथक श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करना होगा।

## गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में रामेश्वर धाम पर होगा मुख्य कार्यक्रम

**दीपदान, जलस्रोतों का पूजन एवं कलश यात्राओं का होगा आयोजन**

**श्योपुर, 17 मई।** कलेक्टर सुश्री दाहिमा के मार्गदर्शन में गंगा दशहरा 25 मई के उपलक्ष्य में जिलेभर में दीपदान, जल स्त्रोतों का पूजन, कलश यात्राओं का आयोजन सहित वृक्षपूजन के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल संवाद कार्यक्रम तथा मानव श्रंखलाओं के आयोजन के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जायेगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में 25 मई को रामेश्वर धाम त्रिवेणी संगम पर सांध्यकालीन समय में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसके लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गए हैं। इस अवसर पर रामेश्वर घाम पवित्र त्रिवेणी संगम पर कलश यात्रा आयोजन के साथ ही भजन संध्या का आयोजन होगा तथा पवित्र त्रिवेणी संगम में दीपदान किया जायेगा। इसी क्रम में नगर पालिका द्वारा सीप नदी के पंडित घाट पर बडौदा में चन्द्रसागर तालाब पर तथा विजयपुर में क्वारी नदी पर भी समारोहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके साथ ही श्योपुर जिले के स्थापना दिवस 25 मई के अवसर पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# बिजली उपभोक्ता सायबर जालसाजों से सावधान रहें : तोमर

## बिजली बिल का भुगतान बिजली कंपनी के अधिकृत पेमेंट गेटवे अथवा बिजली कंपनी के कैश काउण्टर पर ही करें

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 17 मई।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली बिलों का नगद भुगतान कंपनी के जोन, वितरण केन्द्र कार्यालय, पीओएस मशीन अथवा अधिकृत भुगतान केन्द्रों जैसे एम.पी.ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर पर ही करें। उपभोक्ताओं को बिजली बिलों के केशलेस भुगतान के लिये कंपनी के पोर्टल (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) फोन पे, अमेजान पे, गूगल पे, पेटीएम ऐप, व्हाट्सएप पे एवं उपाय मोबाइल ऐप के माध्यम से भी बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा है कि उपभोक्ता को असमय विद्युत विच्छेदन से बचने के लिए किसी निजी मोबाईल नंबर से कॉल कर भुगतान करने के लिये कोई एसएमएस/ व्हाट्सएप जारी नहीं किया जाता है। कंपनी द्वारा एसएमएस केवल निर्धारित सेंडर आईडी से ही भेजे जाते हैं। उपभोक्ता किसी अन्य सेंडर आईडी अथवा निजी नंबर से आए भ्रामक मेसेज से सतर्क रहें। कंपनी अंतर्गत विद्युत देयकों के भुगतान के लिए उपभोक्ता पहचान नंबर यानि आईवीआरएस नंबर की जरूरत होती है।

आईवीआरएस नंबर के आधार पर ही जोन, वितरण केन्द्रों या अन्य गेटवे एमपी ऑनलाइन, पेटीएम, फोन पे, गूगल पे. अमेजन पे, व्हाट्सएप पे आदि पर बिजली बिलों का भुगतान होता है। उपभोक्ता किसी भी अनजान मोबाइल नंबर से आए फोन या व्हाट्सएप मैसेज के आधार पर किसी भी मोबाइल नंबर पर देयकों की राशि अंतरित न करें। साथ ही अपना पिन नंबर किसी के साथ साझा न करें।

कंपनी के संज्ञान में आया है कि सायबर जालसाजों द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को एसएमएस, व्हाट्सएप मैसेज अथवा आई.व्ही.आर. तकनीक से फोन कॉल पर नंबर दबाने के लिये कहा जाता है, जिसमें बिल भुगतान कराने के लिए भय बनाकर कि आपकी बिजली कुछ घंटों बाद काट दी जाएगी, इसके लिए बिल भुगतान करने के लिये विशेष नंबर दबाएं, मोबाइल नंबर विशेष अथवा अनजान लिंक/ऐप पर क्लिक कर या संपर्क कर बकाया राशि जमा कराएं। इस प्रकार के एसएमएस, व्हाट्सएप मैसेज एवं आई.व्ही.आर. फोन कॉल फर्जी हैं। इन पर ध्यान नहीं दें। इस प्रकार के फर्जी सायबर जालसाजों से सतर्क और सावधान रहें। साइबर फ्रॉड संबंधित किसी भी घटना की सूचना तत्काल भारत सरकार की हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज कराएं।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मिला तेंदुए का शव

**उमरिया.** जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शुक्रवार देर रात को मझौली कक्ष में एक तेंदुए का शव मिला है जिसका शव परीक्षण उपरांत अंतिम संस्कार कर दिया गया है. बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया है कि शुक्रवार को बीट मझौली कक्ष क्रमांक आर.एफ. 404 में गश्त के दौरान बांस भीरे की ओर से दुर्गंध आने पर पास जाकर देखा गया तो एक तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया. जिस पर एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया. एवं खोजी स्वान की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास के क्षेत्र की छानबीन कर कार्रवाई की गई तथा मेटल डिटेक्टर से भी शव का परीक्षण किया गया. जिसमें कुछ भी संदेहास्पद नहीं पाया गया.




## महिला कांग्रेस ने किया आंदोलन

**बढ़ती कीमतों के खिलाफ किया अनोखा प्रदर्शन**

**भोपाल, 17 मई.** पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को अनोखा प्रदर्शन किया. महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नानके पेट्रोल पंप पर स्कूटी को धक्का लगाकर 'धक्कामार आंदोलन' चलाया और केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है. पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार हो रही वृद्धि से मध्यम वर्गीय परिवारों, महिलाओं, नौकरीपेशा लोगों और छोटे व्यापारियों की परेशानियां बढ़ गई हैं. कार्यकर्ताओं ने कहा कि अब आम लोगों के लिए वाहन चलाना भी मुश्किल होता जा रहा है. सभा को संबोधित करते हुए रीना बोरासी ने कहा कि सरकार ने जनता को राहत देने के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज स्थिति यह है कि लोग पेट्रोल भरवाने की बजाय वाहन धक्का लगाने को मजबूर हैं.

# पुणे-गोरखपुर के बीच समर स्पेशल ट्रेन शुरू

## रेलवे ने गर्मी की छुट्टियों में बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए किया फैसला

**भोपाल, 17 मई. गर्मी की छुट्टियों में बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे ने पुणे से गोरखपुर के बीच प्रतिदिन समर स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है.**



यह ट्रेन मध्य प्रदेश के इटारसी, रानी कमलापति और बीना स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिससे प्रदेश के यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी. रेल प्रशासन के अनुसार गाड़ी संख्या 01415 पुणे-गोरखपुर समर स्पेशल 15 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन चलेगी. ट्रेन सुबह 6:50 बजे पुणे से रवाना होकर रात 9:10 बजे इटारसी, 11:15 बजे रानी कमलापति और अगले दिन 1:25 बजे बीना पहुंचेगी. इसके बाद यह ट्रेन अगले दिन शाम 4 बजे गोरखपुर पहुंचेगी. वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 01416 गोरखपुर-हड़पसर (पुणे) समर स्पेशल 16 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन संचालित होगी. यह ट्रेन शाम 5:30 बजे गोरखपुर से रवाना होकर अगले दिन सुबह 8 बजे बीना, 10:30 बजे रानी कमलापति और दोपहर 12:10 बजे इटारसी पहुंचेगी. इसके बाद तीसरे दिन तड़के 3:15 बजे हड़पसर (पुणे) स्टेशन पहुंचेगी. इस स्पेशल ट्रेन में कुल 18 कोच लगाए जाएंगे. इनमें एसी द्वितीय श्रेणी, एसी तृतीय श्रेणी, स्लीपर, सामान्य कोच और एसएलआरडी शामिल हैं. ट्रेन दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, मनमाड, भुसावल, खंडवा, झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा और बस्ती समेत कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी. यात्रियों को गर्मी के मौसम में लंबी वेटिंग और भीड़ से राहत मिलने की उम्मीद है.

### जौनपुर यार्ड रिमॉडलिंग की वजह से बदले रूट

**भोपाल.** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल अंतर्गत जौनपुर जंक्शन स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों के मार्ग में अस्थायी बदलाव किया गया है. यह कार्य 4 मई से 27 मई 2026 तक चरणबद्ध तरीके से चलेगा. यात्रियों की सुरक्षा और बेहतर परिचालन व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा. इनमें गोदान एक्सप्रेस, ताप्ती गंगा एक्सप्रेस, इंदौर-पटना एक्सप्रेस और एलटीटी-छपरा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें शामिल हैं.

**चिंता** पटवारी ने सरकार पर भय, अन्याय और असुरक्षा का वातावरण पैदा करने का लगाया आरोप

# आदिवासियों में बढ़ रही असुरक्षा की भावना

भोपाल, 17 मई. प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों और आदिवासी समाज के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर गहरी चिंता जताते हुए भाजपा सरकार पर भय, अन्याय और असुरक्षा का वातावरण पैदा करने का आरोप लगाया.

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश लगातार तीसरे वर्ष बुजुर्गों के लिए देश का सबसे असुरक्षित राज्य बना हुआ है. पटवारी ने दावा किया कि पिछले तीन वर्षों में वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हुई है. वर्ष 2024 के अपराध आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में बुजुर्गों से जुड़े छह हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, यौन अपराध, लूट, डकैती, घरेलू हिंसा और साइबर अपराध शामिल हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2024 में राज्य में 144 बुजुर्गों की हत्या हुई.

उन्होंने कहा कि पेंशन और संपत्ति विवादों के कारण परिवारों के भीतर ही बुजुर्गों के साथ प्रताड़ना, मारपीट और अपमान की घटनाएं बढ़ रही हैं. पटवारी ने इसे केवल कानून-व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि समाज में संवेदनशीलता के क्षरण का संकेत बताया. कांग्रेस नेता ने राज्य सरकार से वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए विशेष राज्यव्यापी अभियान चलाने की मांग की. उन्होंने सामाजिक संगठनों, जन प्रतिनिधियों और सामुदायिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी कार्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया.

आदिवासी समाज के खिलाफ अत्याचारों का मुद्दा उठाते हुए पटवारी ने आरोप लगाया कि आदिवासियों के विरुद्ध अपराधों के मामले में मध्य प्रदेश देश में पहले स्थान पर है. उन्होंने दावा किया कि एनसीआरबी के वर्ष 2024 के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में आदिवासियों के खिलाफ 3,165 मामले दर्ज हुए।

## तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला की बाघ के हमले से मौत

**उमरिया.** जिले में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदरी में शनिवार सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने गई 30 वर्षीय पर बाघ ने हमला कर दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई. उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदरी में शनिवार सुबह तेंदुपत्ता तोड़ने गई महिला के ऊपर बाघ ने हमला कर दिया, जिससे महिला की घटना स्थल पर मौत हो गई है.

# स्वास्थ्य क्षेत्र में मॉनीटरिंग तंत्र को कर रहे मजबूत

## नवजात और मातृ स्वास्थ्य संकेतकों में लगातार सुधार

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 17 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सशक्त एवं उन्नत बनाया जा रहा है. प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के साथ ही उनकी सतत एवं सशक्त निगरानी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण उपचार सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें.**



महिला एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार द्वारा आधुनिक स्वास्थ्य अधोसंरचना, विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं एवं प्रभावी मॉनिटरिंग तंत्र को मजबूत किया जा रहा है. इन प्रयासों से प्रदेश में नवजात एवं मातृ स्वास्थ्य संकेतकों में सतत सुधार दर्ज किया जा रहा है. राज्य में जन्म के समय कम वजन वाले, समय पूर्व जन्मे एवं जन्म के समय गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं के बेहतर उपचार और नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयां प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं. इन इकाइयों से नवजात शिशुओं को विशेषज्ञ उपचार, आधुनिक चिकित्सा उपकरण एवं प्रशिक्षित चिकित्सकीय देखरेख उपलब्ध कराई जा रही है. वर्ष 2024-25 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025-26 में नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है. वर्ष 24-25 में जहां 1 लाख 29 हजार 212 नवजात शिशुओं को उपचार प्रदान किया गया था, वहीं वर्ष 25-26 में यह संख्या बढ़कर 1 लाख 34 हजार 410 तक पहुँच गई है. साथ ही नवजात शिशुओं की सफलतापूर्वक डिस्चार्ज दर भी अब तक के सर्वोत्तम स्तर 82.3 प्रतिशत पर पहुंच गई है। राज्य में संचालित 62 एसएनसीयू में इस वर्ष 1 अप्रैल से 15 मई 2026 तक कुल 15 हजार 54 नवजात शिशुओं को उपचारित किया गया, जिनमें से 12 हजार 818 नवजात शिशुओं को सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया. राज्य शासन द्वारा नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयों में उपलब्ध बिस्तरों की संख्या में भी वृद्धि की गई है.

### अब डिजिटल माध्यम से मिलेगा पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना की जानकारी

**भोपाल.** मंत्री राकेश शुक्ला एवं मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ऊर्जा विकास निगम के व्हाट्सऐप चैटबॉट एवं प्रचार वीडियो का शुभारंभ करेंगे. प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का डिजिटली प्रचार-प्रसार करने के लिये एमपीयूवीएनएल एवं काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवॉयरनमेंट एंड वॉटर के सहयोग से 18 मई सोमवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में व्हाट्सऐप चैटबॉट एवं प्रचार वीडियो लॉन्च किया जाएगा. व्हाट्सऐप चैटबॉट और प्रचार वीडियो से नागरिकों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी सरल एवं डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी. इससे योजना के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ेगी और नागरिकों को आवेदन एवं सोलर संयंत्र लगाने की प्रक्रिया को समझने में मदद मिलेगी.